nandgaon times feb-05-4.qxd 2/5/2026 12:06 AM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

गुरूवार, 05 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 114, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

खनन परियोजनाओं का हो गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध क्रियान्वयन : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 21वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। प्रदेश में रेयर अर्थ मिनरल्स सहित कई अनेक खनिजों के प्रचुर भंडार उपलब्ध हैं। राज्य में चल रही सभी खनन परियोजनाओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप क्रियान्वयन किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खनिजों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर विशेष टॉस्क फोर्स के माध्यम से की जा रही निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए आईटी एवं ड्रोन जैसे आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जाये। तकनीक के द्वारा अवैध गतिविधियों पर बेहतर एवं सतत निगरानी की जा सकेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने पीएमकेकेकेवाई के अंतर्गत खनिज 2.0 पोर्टल के माध्यम से व्यय एवं कार्यों के प्रगति की निगरानी के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कार्यों के गुणवत्ता एवं परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन के लिए जिला खनिज न्यास अधिनियम के अंतर्गत राज्य स्तरीय केन्द्रीय कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई की स्थापना के माध्यम से डीएमएफ कार्यों की बेहतर निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये। बैठक में परिवहन नेटवर्क (रेलमार्ग) के अंतर्गत चिरमिरी-नागपुर रेल्वे लाईन हेतु कुल 328 करोड़ एवं छत्तीसगढ़ रेल्वे कॉरीडोर निर्माण हेतु, 1-ईस्ट कॉरीडोर एवं 3-ईस्ट वेस्ट

कॉरीडोर के लिए राशि रूपये 60.10 करोड़ एवं क्वासी इक्विटी के रूप में 24.10 करोड़ का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया । बैठक में खनिज विकास निगम लिमिटेड (सीएमडीसी) को एनएमडीसी-सीएमडीसी कंपनी लिमिटेड (एनसीएल) संयुक्त उपक्रम में सीएमडीसी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के रूप में विभिन्न परियोजनाओं के विकास हेतु 112.70 करोड़ एवं सीएमडीसी को विभागीय कार्य हेतु अतिरिक्त राशि रूपये 10 करोड़ का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया । बैठक में संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म के अंतर्गत खनिज ब्लॉकों की नीलामी, खनिज ऑनलाईन 2.0 के भुगतान, भौमिकी के अंतर्गत सर्वेक्षण, पूर्वेक्षण एवं विभिन्न परियोजनाओं के भुगतान एवं बाह्य स्त्रोतों से विभिन्न तकनीकी कार्यों के संपादन, मुख्य एवं गौण खनिजों के अवैध परिवहन निगरानी हेतु आईटी एवं ड्रोन तकनीक से नियंत्रण, जिला खनिज न्यास अधिनियम के अंतर्गत डीएमएफ से संबंधित कार्यों की निगरानी हेतु केन्द्रीय कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई (सीपीएमयू) सहित विभागीय कार्य हेतु 138.17 करोड़ का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया । बैठक में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20वीं बैठक में संपन्न कार्यों के क्रियान्वयन के विषय में जानकारी दी गई।बैठक में वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी, मुख्य सचिव श्री विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सह सचिव वित्त श्री मुकेश बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव सह सचिव खनिज साधन विभाग श्री पी दयानंद, संचालक खनिज श्री रजत बंसल सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

पीएम आवास योजना के शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को बड़ी राहत- कोमल सिंह राजपूत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और राहतकारी निर्णय लिया गया है। इस आदेश के अनुसार 31 अगस्त 2024 के पूर्व भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को अब योजना में शामिल कर आवास निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जाएगी। कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि अक्सर शहर मे मध्यमवर्गीय परिवार जो झुग्गी झोपडी या रुड्ढ या रूड्ढ मकानो मे रहते है, उनकी आर्थिक स्थिति अपना घर बनाने की नही होती,भाजपा शासन की यह संवेदनशील और जनहितैषी पहल उन हजारों गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की नई किरण लेकर आई है, जो वर्षों से अपने घर के सपने को संजोए हुए थे। अब ऐसे हितग्राही, जिनके पास भूमि संबंधी आवश्यक प्रमाण उपलब्ध हैं तथा जो शासन की पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का लाभ मिलेगा। श्री राजपूत ने बताया कि पात्र हितग्राही को ढाई लाख रुपए की केंद्रीय सहायता व 1.80 लाख रुपए की ब्याज सब्सिडी तथा 25 लाख रुपए तक (ईडब्ल्यूएस) लोन दिया जाएगा । इस निर्णय से स्पष्ट होता है कि भाजपा सरकार गरीब, वंचित और आवासहीन परिवारों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शासन द्वारा प्रक्रिया को सरल बनाते हुए स्थानीय निकायों को प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे

क्रांग्रेस द्वारा करना तो दूर मोदी जी की सोच तक भी नही पहुंच सकती

पात्र लोगों को अनावश्यक जटिलताओं का सामना न करना पड़े।श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार का यह कदम च्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासज्ज् की भावना को साकार करता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है और यह निर्णय उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। हम छत्तीसगढ़ शासन के इस सराहनीय निर्णय का स्वागत करते हैं और विश्वास व्यक्त करते हैं कि इससे हजारों परिवारों को शीघ्र ही अपने पक्के घर का सपना साकार करने का अवसर मिलेगा।

कांग्रेस की सोच ही नही तो करेंगे क्या ?

श्री राजपूत ने कांग्रेस पर करारा हमला करते हुए कहा कि इंदिरा आवास के माध्यम से एक या दो आवास देकर खाना पूर्ति करने वाली कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में 5 वर्षों तक हजारों,लाखों परिवारों को आवास योजना से वंचित कर रखा था। भूपेश बघेल की सरकार ने गरीब लोगों को आवास बनाने में अपना अंशदान नहीं दिया,जिसके कारण लाखो लोग वंचित थे परंतु भाजपा सरकार आते ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के कार्य संपन्न हो चुके हैं तथा अब प्रधानमंत्री आवास 2 की शुरुआत भी छत्तीसगढ़ में हो रही है ।

मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार

जिला भाजपा द्वारा दूरगामी सोच के लिए मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया गया है और साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को विशेष रूप से साधु वाद दिया गया है क्योंकि उनके क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना सार्थक रूप से कार्यरत है और सफलता के मापदंड तय कर रही है ।

धान खरीदी : किसानों के हित में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अतिरिक्त दो दिवस धान खरीदी की व्यवस्था

रायपुर (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत तीन श्रेणियों के किसानों को धान विक्रय हेतु अतिरिक्त दो दिवस ड्ढ 05 एवं 06 फरवरी 2026 तक खरीदी की अनुमति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार तीन प्रकार के किसान इस अतिरिक्त अवधि में धान विक्रय कर सकेंगे— ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात टोकन हेतु आवेदन किया गया, किंतु सत्यापन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान, जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात आवेदन किया गया तथा सत्यापन उपरांत उनके पास धान पाया गया है। ऐसे किसान, जिन्हें दिनांक 28 जनवरी 2026, 29 जनवरी 2026 एवं 30 जनवरी 2026 को टोकन प्राप्त हुआ था, परंतु किसी कारणवश वे निर्धारित तिथि पर धान विक्रय नहीं कर पाए थे। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बारदाना एवं हमालों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। राज्य सरकार का यह निर्णय किसानों के प्रति संवेदनशीलता और उनकी उपज के सुरक्षित एवं सुचारु विक्रय के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सीआरसी राजनांदगांव को प्रदान की गई सहायता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी),

राजनांदगांव भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उसकी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत प्रदान की गई उदार सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है। उपरोक्त तिथि को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक समावेशन एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत सीआरसी राजनांदगांव को 6 कंप्यूटर सिस्टम एवं 1 प्रिंटर सीएसआर सहायता के रूप में प्रदान किए गए। यह सहयोग शिक्षा, कौशल विकास तथा दिव्यांग बच्चों के लिए समान अवसरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस सीएसआर पहल के अंतर्गत प्राप्त कंप्यूटर प्रणालियों का उपयोग दिव्यांग बच्चों को कंप्यूटर आधारित कौशल, डिजिटल साक्षरता एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु किया जाएगा। ये सुविधाएँ उनके शैक्षणिक विकास, तकनीकी कौशल के संबंधन तथा भविष्य में रोजगार की तैयारी में सहायक होंगी, जिससे वे डिजिटल एवं व्यावसायिक परिवेश में अधिक आत्मनिर्भर एवं समावेशी बन सकें।

यातायात अव्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर में लगातार बिगड़ती जा रही यातायात व्यवस्था को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने गंभीर चिंता जताई है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा से मुलाकात कर नगर की यातायात समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर में बेरोकटोक भारी वाहनों की आवाजाही, बसों के मनमाने स्टापेज, चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति और बेतरतीब पार्किंग के चलते आम नागरिकों को भारी दबाव और जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। चार पहिया और तीन पहिया वाहनों की आवाजाही सबसे अधिक प्रभावित हो रही है, जिससे दैनिक जीवन और व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं। इसके साथ ही नेशनल हाइवे में बंद पड़ी हाईमास्ट लाइटों के कारण रात के समय दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि

नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार की व्यापक गुंजाइश है, लेकिन इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम प्रशासन को संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर अमल करना होगा। केवल एक विभाग के प्रयास से स्थिति नहीं सुधर सकती। मुदलियार ने स्पष्ट कहा कि यातायात सुधार के नाम पर आम नागरिकों और व्यापारियों को परेशान करना स्वीकार्य नहीं है। व्यवस्था इस तरह बनाई जाए कि सर्विस लेन और प्रमुख चौक-चौराहों पर आवागमन सुगम हो, भारी वाहनों के दबाव को नियंत्रित किया जाए और बसों को तय स्टापेज पर ही रोका जाए। जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि राजनांदगांव की जनता को जाम, अव्यवस्थित ट्रैफिक और अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके। मुदलियार ने कहा कि जनता से जुड़ी इन समस?याओं पर अगर 15 दिनों में सुधार लागू नहीं हुए तो पुलिस अधिक्षक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस दौरान रुपेश दुबे, कमलजीत सिंह पिंटू, सूर्यकांत जैन, एनी माखिजा, अशोक पंजवानी, विनय झा, राजेश चंपू गुप्ता, मनीष गौतम, डॉ अरुण देवांगन, मोहनीश धनकर, शुभम पांडे, मोहम्?मद इब्राहिम, राजिक सोलंकी, नितिन बत्रा, कुलदीप कुरंजेकर, आफ़ाब अहमद, अभिमन्यु मिश्रा,संदीप सोनी जय जयसवाल, खुबचंद यादव, विष्?णु सिन्?हा, कादिर कुरैशी, वीरेंद्र चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, गजेंद्र सिंह राजपूत, देवेश वैष्णव, लक्?की चंद्राकर, आशीष साहू, राजा यादव, नरेश साहू, चंपा चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, नीलेश ठावरे, शैलेष साहू, , गोलू नायक, आशीष साहू, शेखर मालेकर, नीशू गुप्?ता, बाबा राठौर, कृष्णा भारती, नरेन्द्र भारती, चेतन चंद्राकर, हेमचंद यादव, तेजराम साहू, नीतेश मारकंडे, देवचंद डिंडे, कमलेश साहू, रिषभ निर्मलकर, चुम्मन निषाद, निलेश ठावरे, शैलेश ठावरे, राजा यादव, सीताराम निषाद, मानसिंग साहू, शेख आशिफ़ चैतराम साहू सहित अन्?य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

7 एवं 8 फरवरी को धामनसरा रामायण महोत्सव

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। समीपस्थल ग्राम धामनसरा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय रामायण महोत्सव आयोजित किया जाएगा जिसमें 7 फरवरी को जन जागृति महिला मानस मंडली धामनसरा आजनेय मानस मंडली बागबाहरा महासमुंद मुरिया मानस परिवार परसोदा उत्तर बस्तर कांकेर राजहंस मानस परिवार सोनसाय टोला अंबागढ़ चौकी छत्तीसगढ़ी महाभारत पंडवानी पांहदा दुर्ग 8 फरवरी को गोरखनाथ बाबा शिष्य भजन उत्तर प्रदेश श्री राम कृपा मानस परिवार सालिक झिटिया जय मां संतोषी मानस परिवार बनबोड डोंगरगढ़ जय शंकर मानस परिवार चिखली गरियाबंद नूतन मानस परिवार टोकरो अभनपुर जय श्री कृष्ण रामधुनी मंडली अरौंद मेघा धमतरी वालों कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा धर्म प्रेमी रामायण महोत्सव आयोजन अधिक से अधिक जनसंख्या उपस्थित हो कथा श्रवण करने अपील आयोजन समिति सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव ने किया है।

ग्राम सभा की बैठक 5 फरवरी को

तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ में ग्राम सभा की बैठक 5 फरवरी को रखी गई है, इसकी मुनादी ग्राम कोटवार ने गांव में की और ग्रामवासियों को ग्रामसभा में उपस्थिति की अपील की।

सद कार्य करना नहीं चाहते और लोग फल की इच्छा रखते हैं -आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री

मात्र चाय पीकर जीवन चलाने वाले आचार्य शास्त्री जी को सुनने उमड़ रही भीड़

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लेवर कालोनी दशहरा मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने बताया हम अपने निर्दिष्ट कर्म, व संस्कारो से दूर होते चले जा रहे हैं। आज कोई कर्म करने की ओर ध्यान नहीं देता। सद मार्ग पर चलना नहीं चाहता और फल की इच्छा करता है। ऐसा कैसे संभ?व हो सकता है। मानव जीवन में आए हैं तो कर्म करने करने होंगे। सद मार्ग पर चलना होगा। तभी फलों की प्राप्ति होगी। भगवान श्री कृष्ण ने तो गीता में कह? ही दिया है। आप कर्म करते चले जाएं, फल की इच्छा न करें।

महराज जी ने बताया कि लोग कोई साधु संत महात्मा आते हैं तो भविष्य जानने लोग अपना हाथ उसके आगे कर देते हैं। महराज जी ने कहा कि सत्पुरुषों के आगे हाथ दिखाने के बजाय उनके हाथ अपने सिर में रखवाना चाहिए ताकि तुम्हारा कल्याण हो सके,, भविष्य सुधर सके। उनके चरण कमल वंदन और नयन कमल के प्रभाव से कर कमलों द्वारा आशीर्वाद की प्राप्ति हो जाती है। महराज जी के इस भाव भरे वचनों के साथ कलाकारों ने गुरु महिमा गाते हुए,,क्षसारे तीरथ धाम आपके चरणों में,, हे ; गुरु देव प्रणाम, आपके चरणों में गाकर ,, माहौल को भक्तिमय बनाया।

चाय पीकर ही जीवन यापन

कर रहे महराज जी

श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन कर्ता नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले के इस भागवदीय आयोजन में कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी की आध्यात्मिक भरी वाणी सुनने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। मंगलवार की कथा में शहर की पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख,शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू मुदलियार, अमीन हुड्डा पार्षद सतीश मसीह का आगमन हुआ।आचार्य शास्त्री जी को कवर्धा से सुनने अपने परिवार सहित पधारे एक धर्मानुरागी व्यक्ति ने बताया कि महराज जी सिर्फ चाय पीकर ही रहते हैं। महराज जी ज्योतिष के भी अच्छे जानकार हैं। उनके कथा के वे प्रेमी हैं। ऐसे ही कथा श्रवण कर रहे एक व्यक्ति ने बताया कि जिस तरह पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह गरीबी को एक रुपए में चावल देकर चाउंर वाले बाबा के रुप में मशहूर हो गए। गुंडे बदमाशो व महिलाओं को छेड़ने वाले व? सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले असमाजिक तत्वों के घरों में बुलडोजर चला कर यूपी के सीएम आदित्यनाथ जी बुलडोजर बाबा जी बन गए, रेल्वे स्टेशन में लोगो? को चाय पिला कर गुजरात व देश की गद्दी संभालने वाले दबंग प्रधानमंत्री मोदी जी को चाय वाले बाबा के नाम से याद किया जाता हैं वैसे ही छत्तीसगढ़ के सिलियारी निवासी मां कौशल्या के भूमि वाले कौशल प्रदेशी आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी चाय वाले बाबा के नाम से मशहूर हैं। कथावाचन के दौरान बाबा जी ने भगवान श्री कृष्ण लीला का वर्णन किया। कार्यक्रम स्थल पर कंस के कारागार की झांकी दिखाई गई। आचार्य द्वारा गोवर्धन लीला व अन्नकूट पूजा के तहत छप्पन भोग चढ़ाएं जाने से कार्यक्रम स्थल में श्री कृष्ण भक्ति की बयार बह चली। लोग सुध - बुध खोकर श्री कृष्ण भक्ति में रमे रहे। उक्ताशय की जानकारी संतोष पिल्ले द्वारा दी गई ।

nandgaon times feb-05-4.qxd 2/5/2026 12:06 AM Page 2

सांई मंदिर भंडारे का आयोजन किया गया

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। स्लीपर फैक्ट्री सांई मंदिर में 3 तारीख दिन मंगलवार के सांई पालकी का आयोजन किया गया 5 तारीख दिन गुरुवार के भव्य रूप से भंडारे का आयोजन रखा गया है सिलीपट फैक्ट्री स्थित साई मंदिर में 3 तारीख को साईं बाबा की पालकी यात्रा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। पालकी यात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ होकर रेलवे चौक, बुधवारी बाजार, एक बत्ती पंच रास्ता होते हुए पुनः साईं मंदिर पहुँची तथा वहाँ से बस स्टैंड साईं मंदिर तक नगर भ्रमण किया गया। पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए साईं बाबा के जयकारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में साईं मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा। इसी कड़ी में सिलीपट फैक्ट्री साईं मंदिर में 5 तारीख, दिन गुरुवार को शाम आरती पश्चात भव्य भंडारे के साथ, साथ संगीतमय कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है जिसमें सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी ने एकलव्य भिलाई क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से हराया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी एवं एकलव्य भिलाई क्रिकेट एकेडमी के मध्य कमला कॉलेज ग्राऊंड में 30 ओवर का फ्रेन्ड टर्फ विकेट में मैच खेला गया टास जीतकर भिलाई के टीम कप्तान विराट चौधरी पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ओपनींग जोड़ी में महिला क्रिकेटर पूर्वी एवं स्लोक मैदान पर उतरे पहला विकेट जल्दी गिर गया 4 रन के योग पर अर्ष ऊईके बोल्ट आऊट हुए क्रमशः स्लोक 33 रन, नवीन 22 रन, विराट चौधरी 9 रन पूरी टीम 130 रन पर ऑल आऊट हो गई एक्स्ट्रा 37 रन , आर.सी.ए. की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष ऊईके 2 विकेट, आनवी मोहता 1 विकेट, अर्ष खान 1 विकेट लक्ष्य का पीछा करते हुए आर.सी.ए. की ओपनींग जोड़ी मैदान पर उतरी । अर्ष सिंग राजपुत एवं अनंन्या स मंडावी पहला विकेट अनंन्या के रूप में पहला विकेट जल्दी गिर गया भीमराव ने कैच आऊट कराया क्रमशः राहुल सारवा 54 रन 7 चौके 3 छक्के की मदद से बनाया , अर्ष खान 33 रन, अर्ष सिंग राजपुत 22 रन , राजवीर ने चौका मारकर मैच को जीताया 7 विकेट खोकर 131 बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया । भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते हुए भीमराव 4 विकेट, विराट चौधरी 1 विकेट, अंकित 1 विकेट । ऑनलाई स्कोरिंग की गई मैच के मुख्य एम्पायर जोई थामस । एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रंणजी प्लेयर एवं आई.पी.एल. प्लेयर चेनई एवं दिल्ली, विनोद भावे, अंतु करोति, कमलाडीह के पूर्व महिला सरपंच सोभा चोपड़ा, महेश साहू , जोई थामस आर.सी.ए. के सहायक कोच एवं संदीप शुक्ले महापौर प्रत्यासी एवं आर.सी.ए. के हेड कोच की ओर से जीत पर हार्दिक एवं शुभकामना । समस्त जानकारी जोई थामस ने दी ।

संत रविदास जयंती का आयोजन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। संत शिरोमणि रविदास की जयंती रविवार को डोंगरगांव नगर में स्थित संत रविदास भवन में हर्षोल्लास,

श्रद्धा और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी द्वारा किया ,संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संत शिरोमणि रविदास की जयंती रविवार को असरना स्थित अंबेडकर पार्क मैदान में हर्षोल्लास, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। श्री गांधी जी ने कार्यक्रम में संत रविदास के जीवन, उनके विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करने तथा समाज में शिक्षा, एकता और समरसता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी,संतोष यादव,योगेश पटेल,लोकेश यदु,प्रफुल्ल जैन राजा निर्मला मालेकर,जीवन मालेकर, , शिशुपाल टांडेकर, हरि मालेकर, कृपाल टांडेकर,मनीष बरिया , राजपाल टांडेकर आदि उपस्थिति थे।

बिहान योजना से आत्मनिर्भर बनी ग्राम झलमला की जानकी धुर्वे

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ध्बिहानज् ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस योजना से जुड़कर महिलाएं अपने हुनर और मेहनत से आजीविका के नए रास्ते बना रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है ग्राम झलमला की जानकी धुर्वे की, जिन्होंने स्वयं सहायता समूह और बिहान योजना के सहयोग से सब्जी उत्पादन को अपनाकर न केवल अपनी आय बढ़ाई, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी कायम की है। श्रीमती जानकी धुर्वे वर्ष 2013 से बिहान योजना से जुड़ी हैं और चर्म्मी शीतला स्वयं सहायता समूहज्ज् की सदस्य हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बचत करना सीखा और जरूरत के समय ऋण भी मिला। रोजगार शुरू करने के लिए उन्होंने समूह से 1 लाख रुपये का ऋण लिया। इस राशि से जानकी धुर्वे ने सब्जी की खेती शुरू की। उन्होंने बैंगन, पत्ता गोभी और आलू की खेती की। मेहनत और सही देखभाल से फसल अच्छी हुई। वे अपनी सब्जियां आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों के मध्यान्ह भोजन, स्थानीय बाजार और मंडी में बेचती हैं। बाजार आसानी से मिलने के कारण उन्हें अच्छा दाम मिलता है। आज जानकी धुर्वे हर साल लगभग 1.5 से 2 लाख रुपये की कमाई कर रही हैं।

शुभांक

5-7-9

279-8 138-2

भाग्यांक

570-2 677-0

सौजन्य भेंट के दौरान वोट चोरी प्रयास के साक्ष्य सौंपे

विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को दिए दस्तावेज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री विपिन यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ सौजन्य भेंट की एवं संगठन के तात्कालिक कार्यों व आवश्यक विषय की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला महामंत्री श्री राहुल तिवारी एवं श्री पंकज बाँधव तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता श्री अनीस खान उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रति निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य करने तथा संगठन के निर्देशों का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया।

भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन को और अधिक सशक्त करने, वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में सक्रिय भूमिका निभाने तथा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री विपिन यादव ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा समर्थित व्यक्तियों द्वारा फॉर्म-7 के माध्यम से कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने के प्रयास का साक्ष्य सहित खुलासा किया। उन्होंने बताया

कि इस गंभीर मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया तथा दोषियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। साथ ही इस पूरे प्रकरण से संबंधित साक्ष्यात्मक तथ्यों के आधार पर तैयार किए गए समस्त दस्तावेज प्रदेश अध्यक्ष को सौंपे। विपिन यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को यह भी अवगत कराया कि छुरिया क्षेत्र में इस प्रकार के नाम विलोपन की जानकारी सर्वप्रथम पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी साहू जी द्वारा संज्ञान में लाई गई थी। इसके पश्चात पूर्व विधायक श्रीमति छन्नी साहू, वर्तमान विधायक श्री भोला राम साहू, ब्लॉक अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक प्रयास करते हुए साक्ष्य आधारित जानकारी एकत्र की गई, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा के इस षड्यंत्र का भंडाफोड़ संभव हो सका। प्रदेश अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने इस पूरे प्रकरण में जिलाध्यक्ष श्री विपिन यादव, वर्तमान एवं पूर्व विधायकों सहित जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से कांग्रेस समर्थित नागरिकों के नाम विलोपित करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। इस गंभीर विषय को निर्वाचन आयोग तक ले जाया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष को निर्देशित किया कि जिले के सभी ब्लॉकों से इस प्रकार के आवेदनों की जानकारी तत्काल एकत्र कर संगठन को अवगत कराया जाए, ताकि लोकतंत्र की रक्षा हेतु समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।डपरोक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की शानदार जीत

नारायणपुर को एक पारी एवं 121 रनों से हराया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव के मैदान में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में खेले गए ग्रुप ए के पहले तीन दिवसीय मैच में जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन नारायणपुर की टीम को एक पारी एवं 121 रनों के विशाल अंतर से परास्त कर बोनस अंक सहित सात पूरे अंक प्राप्त किये । जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नारायणपुर की पूरी टीम अपनी पहली पारी में 181 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। राजनांदगांव की तरफ से कप्तान रोहन टांक में 50 रन देखकर सर्वाधिक चार विकेट लिए वही अर्शदीप भाटिया ने मात्र 24 रन देकर ही तीन विकेट प्राप्त कर लिए । राजनांदगांव के इन दोनों ही फिरकी गेंदबाजों के सामने नारायणपुर की टीम का कोई भी

खिलाड़ी अपनी टीम को मजबूती प्रदान नहीं कर पाया । तत्पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने बल्लेबाजी करते हुए नारायणपुर के गेंदबाजों को बहुत ही छकाया, जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने 8 विकेट पर 498 रनों का विशाल स्कोर बनाकर अपनी पारी समाप्ति की घोषणा कर दी । जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के दो खिलाड़ियों ने अपने पहले ही मैच में शानदार शतक बनाया । उपेंद्र मरकाम एवं युक्तिज्ञ प्रसाद वर्मा ने क्रमशः 114 एवं नाबाद 100 रन बनाएं । वैदिक मदुकर एवं श्रेयांश खांडेकर ने भी क्रमशः 73 एवं 69 रन बनाएं । कप्तान रोहन टांक ने गेंदबाजी के पश्चात बल्लेबाजी में भी शानदार प्रदर्शन कर शानदार 64 रन बनाएं । पहली पारी में 317 रनों से बिछड़ने के पश्चात नारायणपुर की टीम के प्रारंभिक बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अपनी टीम के लिए मजबूत शुरुआत की परंतु जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के फिरकी गेंदबाजों के सामने वे भी ज्यादा टिक नहीं पाए और उनकी पूरी टीम दूसरी पारी में भी 195 रनों पर ही ऑल आउट हो गई । नारायणपुर के कप्तान यशवरदा ने अकेले ही एक छोर में डटकर 82 रन बनाएं परंतु सामने अन्य बल्लेबाज लगातार आउट होते गए । इस पारी में भी राजनांदगांव के उदयीमान फिरकी गेंदबाज अर्षवीर भाटिया ने मात्र 56 रन देखकर 5 विकेट प्राप्त किया वही रोहन टांक ने भी 44 रन देकर तीन विकेट प्राप्त किया । जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की इस एक तरफा जीत के कारण उन्हें इस मैच में बोनस अंक सहित सात अंक प्राप्त हुए । दिग्विजय स्टेडियम के इसी मैदान में अगला मुकाबला 6 फरवरी से नारायणपुर एवं जशपुर की जिला क्रिकेट टीमों के मध्य खेला जावेगा । जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव का अगला मुकाबला 10 फरवरी मंगलवार से 3 दिवसीय इसी दिग्विजय स्टेडियम के मैदान में जिला जशपुर के साथ खेला जाएगा ।

गैर-शिक्षक कर्मचारियों की हड़ताल का असर, प्रभारी कुलसचिव की प्रतिनियुक्ति समाप्त

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में गैर-शिक्षक एवं कल्याणकारी संघ के संयुक्त मोर्च के कर्मचारियों की लगातार दूसरे दिन जारी हड़ताल का असर अब शासन स्तर पर दिखाई देने लगा है। छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी की प्रतिनियुक्ति समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार डॉ. तिवारी को तत्काल प्रभाव से उनकी मूल पदस्थापना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में पदस्थ किया गया है। यह आदेश महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से अवर सचिव फविओला बड़ा द्वारा राज्यपाल के नाम से जारी किया गया। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय में गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा कुलसचिव की कार्यशैली, मानसिक उत्पीड़न, अनुचित कार्यभार, प्रशासनिक पक्षपात और विकास कार्यों में बाधा जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए हड़ताल की जा रही थी।

निधन

बेनीराम डडसेना

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। क्षेत्र के ग्राम बेलतांव में वर्षों से निवासरत श्री बेनीराम डडसेना(सेवानिवृत्त सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी) उम्र 85 वर्ष का निधन हो गया वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे अपने पीछे एक पुत्र दो पुत्री छोड़ कर ईश्वरीय स्थान पर चले गए स्व श्री डडसेना मोतीलाल डडसेना शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहरा के पिता थे आज इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बुन्देली महसमुंद मे किया गया , राजनादगांव जिले के सिन्हा कतार समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।कर्मचारियों द्वारा कुलपति, एसपी और कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद यह मामला शासन स्तर तक पहुंचा।

जाति प्रमाण पत्र के लिए बजट सत्र में अधिनियम 2013 में संशोधन करने की मांग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के समय से अविभाजित मध्यप्रदेश एवं वर्तमान छत्तीसगढ़ की भौगलिक सीमा में निरंतर स्थाई रूप से निवासरत अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के नागरिकों के 1950 के पूर्व निवास की बाध्यता जैसे असंगत नियमों के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जा रहे है। जिसके कारण अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के नागरिकों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण और संवैधानिक प्रतिनिधित्व के अधिकारों से लगातार वंचित होना पड़ रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के संज्ञान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस समस्या को उचित समाधान के लिए

लाया गया। 10 जून 2025 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के सचिव को जाति प्रमाण पत्र के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण तिथि को कट ऑफ डेट (2000) मानते हुए, राज्य में स्थाई रूप से निवासरत अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्ग के नागरिकों को जाति प्रमाण पत्र जारी कर आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में 08 जनवरी 2026 को सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी संभागायुक्त, कलेक्टर्स एवं अनुविभागीय अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के प्रयासों से मंगियाटोला व पांडेटोला के स्कूल भवनों को मिली स्वीकृति

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू के अथक प्रयासों से शासकीय प्राथमिक शाला मंगियाटोला के लिए 11 लाख 48 हजार रुपये तथा शासकीय माध्यमिक शाला पांडेटोला में नवीन शाला भवन निर्माण हेतु 11 लाख 84 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्यालय भवनों के लिए राशि स्वीकृत होने से ग्रामीण अंचलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। लंबे समय से विद्यालय भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। नवीन भवन निर्माण से बच्चों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक भोलाराम साहू लगातार क्षेत्र की

शैक्षणिक, सामाजिक एवं मूलभूत समस्याओं को शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाते रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप यह स्वीकृति प्राप्त हुई है। शिक्षा को मजबूत आधार प्रदान करने के लिए किया गया यह प्रयास क्षेत्र के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस स्वीकृति की जानकारी मिलते ही मंगियाटोला एवं पांडेटोला सहित आसपास के ग्रामों में हर्ष एवं संतोष का माहौल है। ग्रामवासियों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में विधायक भोलाराम साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी शहरी सुविधाओं के अनुरूप शिक्षा का अवसर मिल रहा है। मंगियाटोला एवं पांडेटोला के ग्रामवासियों एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने खुज्जी विधायक भोलाराम साहू को इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया।

वीबी जी राम जी के स्थान पर कृषि शिक्षा व नवाचार के प्रदेश संयोजक बनें विजेंद्र ठाकुर

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष किरण देव सिंह व भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर डोंगरगढ़ के विजेंद्र सिंह ठाकुर को भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ में कृषि शिक्षा व नवाचार के संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्ति किया गया है। संगठन में इनकी नेतृत्वक्षमता में पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए इनके अनुभव संगठनात्मक एवं समर्पण पर भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ विश्वास जताते हुए इन्हें महत्वपूर्ण जवाबदारी दी है। बचपन से संघ की शाखा में सीख लेने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद के अलावा पूर्व में बूथ शक्ति केंद्र सेक्टर प्रभारी के रूप में कार्य करने के अनुभव, युवा मोर्चा महामंत्री, डोंगरगढ़ शहर मंडल महामंत्री, जिला भाजपा मंत्री एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी एवं विधानसभा स्तर के विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जैसे संगठन द्वारा जब-जब जो भी जवाबदारी विजेंद्र को दी गई उसे पूरी ईमानदारी व लगन से करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है जिसे देखते हुए भाजपा

किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा कृषि शिक्षा व नवाचार प्रकल्प प्रदेश संयोजक भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ बनाए जाने से इस क्षेत्र में भी वह अपनी पहचान छोड़ेंगे। विजेंद्र ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं मिट्टी की जुताई, फसल उगाने, और भोजन, रेशे (फाइबर) व ईंधन के लिए पशुपालन करने का विज्ञान और अभ्यास है। इसमें खेती के साथ-साथ पशुधन, मत्स्य पालन, और वानिकी जैसी गतिविधियां शामिल हैं, जो मानव जीवन के लिए भोजन व कच्चे माल के उत्पादन का मुख्य आधार हैं। फसल उत्पादन अनाज, फल, सब्जियां और रेशेदार फसलें उगाना दूध,और अन्य उत्पादों के लिए पशुओं का पालन-पोषण करना। सरकार की विभिन्न शिक्षा संबंधी योजनाएं जो छात्र-छात्राओं के लिए हो शिक्षा एक निरंतर चलने वाली व्यवस्थित प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से ज्ञान, कौशल, मूल्य और सही दृष्टिकोण प्राप्त कर व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास (शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक) करता है। इन सभी क्षेत्रों में काम किया जाएगा।

राजनांदगांव में जीएसटी संभागीय कार्यालय खोलने की उठी मांग - आलोक बिंदल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल ने राजनांदगांव जिले के व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार से एक महत्वपूर्ण मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी से राजनांदगांव में जीएसटी विभाग का संभागीय कार्यालय स्थापित करने एवं एक नए जीएसटी वृत सर्किल के गठन की मांग की है। श्री बिंदल ने आगे कहा कि वर्तमान में जीएसटी का संभागीय कार्यालय दुर्ग में स्थित है जिसके कारण राजनांदगांव सहित आसपास के जिलों के व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अधिवक्ताओं को बार बार दुर्ग जाना पड़ता है। इससे न केवल समय और धन की बर्बादी होती है बल्कि विभागीय कार्यों में भी अनावश्यक देरी होती है। उन्होंने बताया कि यदि राजनांदगांव में जीएसटी का संभागीय कार्यालय खोला जाता है तो इससे स्थानीय व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। साथ ही कर संबंधी मामलों का त्वरित निराकरण संभव हो सकेगा। इससे न सिर्फ व्यवसायियों को राहत मिलेगी बल्कि विभागीय अधिकारियों के कार्य भी सरल और सुचारु हो पाएंगे। श्री बिंदल ने यह भी कहा कि राजनांदगांव एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है और यहां बड़ी संख्या में पंजीकृत व्यापारी एवं उद्योग संचालित हैं। ऐसे में जिले में जीएसटी का संभागीय कार्यालय खोला जाना समय की आवश्यकता है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और व्यापारिक वातावरण को भी सकारात्मक बढ़ावा मिलेगा।

ज्ञान मंथन

1) हाल ही में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने बौद्ध भिक्षुओं और विद्वानों का सम्मेलन किस शहर में आयोजित किया?
2) झीरी मेला हर साल किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में आयोजित होता है?
3) पराक्रम दिवस 23 जनवरी को किस स्वतंत्रता सेनानी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?
4) हाल ही में खबरों में रहा क्वालनमक चावलज् या बुद्धा चावल मुख्य रूप से किस राज्य में उगाया जाता है?
5) पेथिया डिब्लगढ़ेंसिस क्या है, जो हाल ही में समाचारों में देखा गया था?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) कोलंबो, श्रीलंका (2) जम्मू और कश्मीर (3) सुभाष चंद्र बोस (4) उत्तर प्रदेश (5) मछली

छत्तीसगढ़ी लोककला केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, एकता और भाईचारे का प्रतीक : संजय सिन्हा

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। छुरिया विकासखंड के ग्राम भर्रीटोला (ब) में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ी लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया था । इस आयोजन के समापन अवसर के बतौर मुख्यातिथि संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया व अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना पूर्व उपाध्यक्ष, पलनी स्वामी नायडू,राधिका चंद्रवंशी,सोहन साहू,टीकम साहू मौजूद रहे । उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज हम सभी यहाँ छत्तीसगढ़ी लोककला महोत्सव के शुभ अवसर पर एकत्रित हुए हैं । यह महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और पहचान का उत्सव है। यह हमारी पावन धरती छत्तीसगढ़ की आत्मा को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ की लोककला में हमारे पूर्वजों की मेहनत, भावना और संस्कार छिपे हुए हैं। पंथी, राउत नाचा, करमा, सुआ जैसे लोकनृत्य हों या लोकगीत और पारंपरिक वाद्य यंत्र ये सभी हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हीं के माध्यम से हमारी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती है। आज के इस आधुनिक युग में, जब लोग अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में

यह महोत्सव हमें अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करता है। यह हमारी नई पीढ़ी को बताता है कि हमारी लोककला ही हमारी असली पहचान है। इस आयोजन में पंथी, सुवा, करमा, दर्दरिया,नाचा,सांस्कृतिक कार्यक्रम अनेक छत्तीसगढ़ी विधा शामिल रहे । डडसेना ने बताया कि यह महोत्सव हमारे लोक कलाकारों के सम्मान और प्रोत्साहन का भी माध्यम है। जिन्होंने जीवनभर अपनी कला को जीवित रखा, उन्हें आज यहाँ सम्मान मिलना, हम सभी के लिए गर्व की बात है। ऐसे कलाकार हमारे समाज की सच्ची धरोहर हैं। साथियों, छत्तीसगढ़ी लोककला केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि हम सब मिलकर अपनी विरासत को संभालें और आगे बढ़ाएँ। आज हम सभी संकल्प लें कि हम अपनी लोकसंस्कृति को बचाएँगे, लोक कलाकारों का सम्मान करेंगे, और आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखेंगे। ष्अपन संस्कृति, अपन पहचान छत्तीसगढ़िया सबले महान । इस अवसर पर श्रीमति समे बाई बुधारू पड़ोती सरपंच, मानिक चंद्रवसी, रेवा राम लाड़ेकर, केदार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

राजनांदगांव जिले के विभिन्न मंडलों का किसान मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा दौरा, संगठन मजबूती पर दिया जोर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा मंत्री श्री मूलचंद लोधी एवं जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री दादूराम सोनकर ने राजनांदगांव जिले के विभिन्न मंडलों—छुरिया, गैंदाटोला, कुमरदा, डोंगरगांव एवं अर्जुनी—का विस्तृत दौरा कर मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान संगठन की मजबूती, किसान हितों से जुड़े मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।दौरे के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व जिला भाजपा महामंत्री श्री दिनेश गांधी, जिला भाजपा महामंत्री श्री डिकेश साहू, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री श्री रविंद्र वैष्णव, पूर्व प्रदेश भाजपा सह सोशल मीडिया प्रभारी (छत्तीसगढ़ ओबीसी मोर्चा) श्री रमेश सोनवानी, श्री जितेंद्र वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष छुरिया श्री संजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष श्रीमती कांता साहू, महामंत्री श्री शेखर भारतध्वज, श्री अशोक मरकाम, जनपद सदस्य एवं

जिला महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती भेषबाई साहू, श्री मोनू गुप्ता, गैंदाटोला अध्यक्ष श्री खिलेश्वर साहू, कुमरदा मंडल अध्यक्ष श्री हिरदे देवांगन, डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री गुलशन हिरवानी, मंडल महामंत्री श्री सतीश पांडे, श्री महेश्वर साहू, श्री डोमन पटेल, श्री रुद्र कोरे, श्री मनीष पटेल तथा अर्जुनी मंडल अध्यक्ष श्री भुवन साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश किसान मोर्चा मंत्री श्री मूलचंद लोधी ने कहा कि भाजपा सदैव किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और संगठन के माध्यम से गांव-गांव तक किसान कल्याण योजनाओं की जानकारी पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री दादूराम सोनकर ने मंडल स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा किसान मोर्चा के कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का आह्वान किया।

अटल मानिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत सभी विभाग विभिन्न मापदण्डों में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन : कलेक्टर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों के दृष्टिगत बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। पढ़ाई की गुणवत्ता के लिए अतिरिक्त कक्षाएं देते हुए बच्चों की पढ़ाई की मानिटरिंग करें। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए ईमानदारी एवं प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने बच्चों के आधार अपडेशन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को सुविधाएं प्रदान करें एवं उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए उपचार एवं दवाईयां समय पर उपलब्ध कराएं। अटल मानिटरिंग पोर्टल के अंतर्गत सभी विभाग विभिन्न मापदण्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की मानकों के तहत समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जनमानस की समस्याओं का संवेदनशीलतापूर्वक शीघ्र निराकरण करें। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारी जो सेवानिवृत हो गए हैं। उनके पेंशन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। सभी विभाग ई-ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग करें। डिजिटल कार्य प्रणाली से कार्य करने पर कार्यों में गति आएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सभी विभागों में कर्मचारियों के कार्यों में परिवर्तन करें एवं ट्रांसफर करें।

एक कदम स्वच्छता की ओर - दिलीप साहू

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा राजनांदगांव जिलाध्यक्ष दिलीप साहू कहते है स्वच्छता ही सेवा है । स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत जिसका उद्देश्य गलियों सड़कों को साफ सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है । दिलीप साहू डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र ग्राम पंचायत आरी में सफाई कर अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी संदेश दी । इस कार्यक्रम में मछुआ प्रकोष्ठ प्रदेशध्यक्ष कुलेश्वर निषाद, कुसुम साहू, द्वारिका साहू, तीजन बाई साहू, यमुना बाई, झामीन बाई यादव, सूसूली यादव संगीता यादव, भक्तिन बाई निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

धान उपार्जन केन्द्रों में 05 फरवरी तक पात्र कृषकों को टोकन जारी किया जाएगा

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णय के अनुसार आगामी 05 एवं 06 फरवरी को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में 05 फरवरी तक पात्र कृषकों को टोकन जारी किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के पश्चात् टोकन हेतु आवेदन किया गया है परंतु इनके पास उपलब्ध धान का सत्यापन नही हो पाया है। इसके अलावा ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 फरवरी 2026 के पश्चात् आवेदन किया गया है एवं सत्यापन उपरांत धान पाया गया है तथा ऐसे किसान जिन्होंने 28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन प्राप्त किया है परंतु किसी कारणवश अपने धान की बिक्री नही कर पाए हैं इन किसानों का धान आगामी 05 एवं 06 फरवरी को संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की जाएगी।

बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गतनिर्धारित 929.88 हेक्टेयर में पंजीयन कराने का लक्ष्य

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि रबी वर्ष 2025-26 में बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत जिले को निर्धारित 929.88 हेक्टेयर में पंजीयन कराने का लक्ष्य के विरूद्ध कुल 1009.48 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन हेतु कृषकों का पंजीयन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य से 8.66 प्रतिशत अधिक है। यह उपलब्धि किसानों की बढ़ती जागरूकता एवं कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है। बीज उत्पादन कार्यक्रम अन्तर्गत विशेष रूप से दलहन, तिलहन फसलों को प्राथमिकता दिया गया है। जिससे आगामी वर्षों में जिला बालोद पर्याप्त दलहन, तिलहन बीज उपलब्धता में आत्मनिर्भर हो सकेगा। जिसके परिणाम स्वरूप जिले में दलहन फसलों का 670.04 हेक्टेयर तिलहन फसलों का 283.40 हेक्टेयर एवं अनाज फसलों का 56.04 हेक्टेयर कुल 1009.48 हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन किया गया है। बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराने हेतु कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा कृषकों से सतत सम्पर्क एवं उचित मार्गदर्शन दिया गया। इन प्रयासों से किसानों का विश्वास बढ़ा और स्वेच्छा से बीज उत्पादन कार्यक्रम में भाग लिया।

जीवित मतदाताओं को साथ लेकर थाना पहुँचे ग्रामीण, मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश का आरोप

डोंगरगांव/छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विधानसभा क्षेत्र खुज्जी अंतर्गत ग्राम गैंदाटोला में मतदाता सूची से नाम कटवाने को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव के जीवित एवं पात्र मतदाताओं के नामों पर कथित रूप से फर्जी दावाङ्कआपत्ति लगाए जाने के विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं प्रभावित मतदाता थाना गैंदाटोला पहुँचे और थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाना पहुँचने वालों में प्रकाश शर्मा, राजिल कुरैशी (मंडल अध्यक्ष कांग्रेस), नरेंद्र मानिकपुरी, मनोज कोचे, फग़ालाल देवांगन, उत्तम सोनी चम्मन साहू,गोलू साहू, अजय साहू अजीम खान,लक्ष्मी देवांगन सहित अनेक ग्रामीण व प्रभावित मतदाता शामिल रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुल 48 जीवित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाने के उद्देश्य से दावाङ्कआपत्ति प्रस्तुत की गई है, जबकि संबंधित सभी लोग वर्तमान में जीवित हैं और गांव में ही निवासरत हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा मामला पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य एक खास विचारधारा से जुड़े मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करना है। इस संबंध में जब बूथ लेवल ऑफिसर से जानकारी ली गई, तो उनके द्वारा भी दावाङ्कआपत्ति के आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि की गई।ग्रामीणों ने बताया कि जिन मतदाताओं के नामों पर आपत्ति लगाई गई है, उनमें नरेंद्र मानिकपुरी, फग़ालाल देवांगन, उत्तम सोनी,मंसाराम विश्वकर्मा, नरेश गरुड़, लक्ष्मीबाई मानिकपुरी, कमल चंद्रवंशी, कुंभ लाल सॉडिल्य, कपिल नाथ योगी, भूषण सोनी, अरुण दीवान, विद्या साहू, आनंद राम साहू, इंदु बाई साहू, रेवादास मानिकपुरी, मोहन निर्मलकर, सोन सिंह चंद्रवंशी, संतोष साहू, विमला निमलकर, रौना श्रीवास्तव सहित अन्य मतदाता शामिल हैं। सभी संबंधित व्यक्तियों ने स्वयं थाना पहुँचकर यह स्पष्ट किया कि वे जीवित हैं और अपने मताधिकार से वंचित किए जाने का विरोध करते हैं। ग्रामीणों द्वारा पूरे मामले का पंचनामा तैयार कर दस्तावेजों सहित थाना प्रभारी को सौंपा गया। शिकायत में मांग की गई है कि झूठी एवं भ्रामक दावाङ्कआपत्ति प्रस्तुत करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाने का यह प्रयास लोकतंत्र और संविधान पर सीधा

स्कूली छात्रों ने पनडुब्बी संग्रहालय में देखी नौसेना की कार्यप्रणाली

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। समग्र शिक्षा के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिले के प्रारंभिक एवं सेकेंडरी स्तर के विद्यार्थियों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित आईएनएस पनडुब्बी संग्रहालय ले जाया गया। यह भ्रमण कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार पोयम, जिला शिक्षा अधिकारी एफआर. वर्मा एवं जिला मिशन समन्वयक श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने पनडुब्बी संग्रहालय में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारियों को नजदीक से देखा और समझा। विद्यार्थियों को समुद्री जीवन, नौसेना की कार्यप्रणाली, पनडुब्बी की संरचना, अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी अवधारणाएं तथा समुद्र में होने वाले ज्वार-भाटा जैसी प्राकृतिक घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस अनुभव से विद्यार्थियों की जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को नया विस्तार मिला। सहायक कार्यक्रम समन्वयक राकेश कुमार चंद्रवंशी ने शैक्षणिक भ्रमण के महत्व बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से छात्र-छात्राओं को व्यवहारिक रूप से सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि कई बार पुस्तकों में पढ़ी गई बातें प्रत्यक्ष देखने और समझने से अधिक स्पष्ट हो जाती हैं। जिला मिशन समन्वयक विनोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में निरीक्षण क्षमता, कल्पनाशीलता और तार्किक सोच का विकास करते हैं, जो उनके समग्र शैक्षणिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।

धर्म समाचार....

क्यों त्रिजटा के सामने बेबस हो जाता था रावण? पढ़ें यह पौराणिक कथा

मृत्यु के बाद न हो 'तेरहवीं' तो क्या होता है? गरुड़ पुराण के अनुसार बिना इसके यमलोक नहीं जा पाती आत्मा गरुड़ पुराण हिंदू धर्म के उन महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक है, जो हमें जन्म और मृत्यु के रहस्यों से रूबरू कराता है। अक्सर आपने सुना होगा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद 'तेरहवीं' का भोज और संस्कार किया जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि अगर यह संस्कार न किया जाए, तो क्या होगा?

मृत्यु के बाद 'तेरहवीं' का महत्व

हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में अंतिम संस्कार को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसमें भी मृत्यु के 13वें दिन किए जाने वाले विधानों का अपना विशेष स्थान है। धार्मिक ग्रंथों और गरुड़ पुराण के जानकारों के अनुसार, जब तक तेरहवीं का संस्कार संपन्न नहीं होता, जीवात्मा प्रेत योनि में ही भटकती रहती है। माना जाता है कि मृत्यु के बाद 12 दिनों तक आत्मा अपने परिवार के बीच ही रहती है और पिंडदान व तर्पण स्वीकार करती है। 13वें दिन जब तेरहवीं का संस्कार होता है, तब उसे यमलोक की यात्रा के लिए जरूरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

अगर तेरहवीं न हो तो क्या होगा?

गरुड़ पुराण में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि किसी मृतक का तेरहवीं संस्कार शास्त्रोक्त विधि से नहीं किया जाता, तो उस आत्मा को यमलोक की यात्रा शुरू करने की अनुमति नहीं मिलती।शास्त्रों में वर्णित कथाओं के मुताबिक, बिना तेरहवीं के आत्मा न तो स्वर्ग जा पाती है और न ही नरक। वह एक अधर की स्थिति में अटक जाती है। ऐसी आत्माएं 'प्रेत' बनकर अपने ही घर या परिजनों के आसपास भटकती रहती हैं। गरुड़ पुराण की मान्यताओं के अनुसार, उचित तर्पण और तेरहवीं के अभाव में आत्मा को बहुत कष्ट और प्यास का सामना करना पड़ता है। साथ ही, परिवार में भी अशांति या 'पितृ दोष' की स्थिति पैदा हो सकती है।

पिंडदान और दान का महत्व

तेरहवीं के दिन ब्राह्मणों को भोजन कराना और दान-पुण्य करना केवल एक सामाजिक परंपरा नहीं है। धार्मिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस दिन किया गया दान सीधे तौर पर उस आत्मा को परलोक में सुख-सुविधाएं प्रदान करता है। कहा ये भी जाता है कि 13वें दिन का पिंडदान आत्मा को यमलोक की 86 हजार योजन लंबी कठिन यात्रा को सहने की शक्ति देता है।

बजरंगबली के 'हनुमान' बनने के पीछे छिपा है बड़ा रहस्य, आप जानते हैं उनका असली नाम?

हनुमान जी, जिन्हें हम प्यार से बजरंगबली, पवनपुत्र या संकट मोचन कहते हैं, उनके पराक्रम की गाथाएं हर घर में सुनी जाती हैं। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि क्या 'हनुमान' उनका असली नाम था? या फिर बचपन में उन्हें किस नाम से पुकारा जाता था? रामचरितमानस के सुंदरकांड और वाल्मीकि रामायण के पन्नों में हनुमान जी के व्यक्तित्व के कई अनसुने पहलू छिपे हैं। आइए जानते हैं मारुति नंदन के 'हनुमान' बनने की दिलचस्प कहानी।

बचपन का वो प्यारा नाम: मारुति- हनुमान जी के जन्म के समय उनका नाम 'हनुमान' नहीं था। पौराणिक कथाओं और मान्यताओं के अनुसार, उनके पिता केसरी और माता अंजनी ने उनका नाम 'मारुति' रखा था। मारुति का अर्थ होता है 'मारुत' (वायु) का पुत्र। बचपन में मारुति बहुत चंचल और नटखट थे। उनके पास जन्म से ही असीमित शक्तियां थीं, जिनका उपयोग वे खेल-खेल में करते रहते थे। एक दिन की बात है, नन्हे मारुति को जोरों की भूख लगी थी। उन्होंने आसमान में चमकते हुए लाल सूर्य को देखा और उन्हें लगा कि यह कोई मीठा फल है। वाल्मीकि रामायण के उत्तरकांड में वर्णित कथा के अनुसार, मारुति ने एक ही छलांग में सूर्य देव की ओर प्रस्थान किया। यह देखकर देवराज इंद्र घबरा गए। उन्हें लगा कि यह बालक सूर्य को निगल जाएगा, जिससे ब्रह्मांड में अंधेरा छा जाएगा। अपनी घबराहट में इंद्र ने मारुति पर अपने अस्त्र 'वज्र' से प्रहार कर दिया। वह वज्र सीधे बालक मारुति की ठोड़ी पर लगा, जिससे वे अचेत होकर गिर पड़े।

कैसे पड़ा 'हनुमान' नाम?- संस्कृत में ठोड़ी को 'हनु' कहा जाता है और वज्र के प्रहार से उनकी ठोड़ी टूट (मान) गई थी। विद्वानों और धर्मशास्त्रियों के अनुसार, इसी चोट के कारण उनका नाम 'मारुति' से बदलकर 'हनुमान' पड़ा। इस घटना के बाद जब वायुदेव क्रोधित हुए और उन्होंने सृष्टि की वायु रोक दी, तब सभी देवताओं ने बालक हनुमान को अपनी-अपनी विशेष शक्तियां प्रदान कीं, जिससे वे अजेय बन गए।

सुंदरकांड और 'सुंदर' नाम का रहस्य- सिर्फ हनुमान ही नहीं, उनका एक और नाम 'सुंदर' भी था। रामचरितमानस के प्रसंगों के आधार पर, माता अंजनी उन्हें प्यार से 'सुंदर' कहकर पुकारती थीं। यही कारण है कि रामायण के उस अध्याय का नाम 'सुंदरकांड' रखा गया जिसमें हनुमान जी की वीरता और लंका दहन का वर्णन है। यह एकमात्र ऐसा कांड है जिसका नाम किसी पात्र या स्थान के बजाय हनुमान जी के एक विशेष नाम (सुंदर) पर आधारित है।

nandgaon times feb-05-4.qxd 2/5/2026 12:06 AM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिये नगर निगम तैयार

सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने दिया जा रहा है जोर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिये नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने व्यापक प्रबंध किये जा रहे है,जिसके तहत प्रतिदिन साफसफाई कर कचरा उठाया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता से जोडने फिडबेक लिया जा रहा है। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत की गयी है। समय समय पर स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड प्रभारी,स्वच्छता मित्र, स्वच्छता दीदी एवं मिशन क्लीन सिटी प्रभारी की बैठक लेकर स्वच्छता में सुधार करने निर्देशित किया जा रहा है। महापौर एवं आयुक्त के द्वारा सुबह वार्डों में सफाई निरीक्षण कर जहाँ एक ओर स्वास्थ्य कर्मियो को सफाई में और सुधार करने के निर्देश दे रहे है, वही नागरिको से शहर को स्वच्छ एवं साफ रखने अपील की जा रही है।

आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुये नगर निगम का स्वास्थ्य अमला साफ सफाई में विशेष ध्यान दे रही है, इसके तहत निर्धारित समय तक सड़कों, गलियों नाली एवं नालों की सफाई कराकर कचरा उठाया जा रहा है, अनुपस्थित कर्मचारी एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा नागरिकों से सफाई के संबंध में चर्चा कर फिडबेक लिया जा रहा है। साथ ही कर्मचारियों को हिदायत दिया गया है कि साफ सफाई संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। कही पर भी सफाई नहीं होने की शिकायत पर प्राथमिकता से उसे सफाई कराने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि तकनीकि अधिकारियों को भी अपने अपने प्रभरित वार्ड में सफाई देखने दायित्व सौपा गया है। सफाई नहीं होने पर स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत कराने कहा गया है। इसके अलावा सामुदायिक सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मत भी करायी गयी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं पार्षदों द्वारा भी समय समय पर सफाई का निरीक्षण कर सफाई में गुणात्मक सुधार लाने कार्य करने निर्देशित किया जा रहा है, इसके अलावा नागरिकों से भी सम्पर्क कर साफ सफाई रखने स्वच्छता अपनाने अपील की जा रही है तथा उनसे फीडबेक लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाली दीदीयों द्वारा घर में ही कचरा पृथककरण करने समझाईस दी जा रही है और घरों के आस पास साफसफाई रखने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। मच्छर उन्मूलन के लिये दवाई का छिडकाव किया जा रहा है, कचरा के छोटे मुक्कड को हटाकर वहाँ पर सौदर्यीकरण किया जा रहा है। तालाबों के आस पास व उद्यानों में विशेष साफ सफाई रखा जा रहा है, ताकि स्वच्छ वातावरण निर्मित हो सके। तालाबों में कचरा फैकना व विसर्जन करना प्रतिबंधित किया गया है। नालों में जाली लगाया जा रहा है, ताकि कचरा रूक जाये और उसे आसानी से निकाला जा सके। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने

बताया कि अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत स्वीकृति अनुसार शहर के दो स्थानों सिंदराई चौक एवं पारीनाला के पास शहर के नालो का गंदा पानी को ट्रीट करने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने प्रक्रिया की जा रही है, जिसका कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। साथ ही वर्षो से लिगेसीवेस्ट का निपटान कार्य 4 माह में पूर्ण किया गया। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण करने वालों को मलमा सडक में न रखने समझाईस दे रहे है तथा निर्माणाधीन भवन या आवास में ग्रीन नेट लगाकर कार्य करने भी समझाईस दे रहे हैं। अपालन पर संबंधित पर जुर्माना की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी कडी में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित करने समझाईस देने के साथ साथ उपयोग करने पर कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि स्वच्छता में सहभागी बने और घर, प्रतिष्ठान के आस पास साफसफाई रखे।

गौ आधारित प्राकृतिक कृषि विषय पर प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान जिला राजनांदगांव द्वारा 31 जनवरी से 4 फरवरी

2026 तक महामाया चौक बसंतपुर स्थित पंचगव्य विद्यापीठम् विस्तार केन्द्र में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गौ आधारित प्राकृतिक कृषि के लाभों के बारे में बताया गया तथा रासायनिक खेती से होने वाले मृदा, जल, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षक तनिष साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि की मूल अवधारणा तथा गाय के पंचगव्यों एवं स्थानीय वनस्पतियों व संसाधनों का उपयोग कर कम लागत में लाभकारी खेती के संबंध में जानकारी दी। प्रशिक्षण में जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, दशपर्णी अर्क सहित पंचगव्य आधारित जैव-उपचारों के निर्माण की विधियां, फसल पोषण, कीट-रोग प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य सुधार के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

उतम चंद लूनिया एवं स्व,धरमचंद श्रीमती पुष्पा देवी सुराणा स्मृति पदक विधि छात्रों को मिलेंगे

महेंद्र लूनिया तथा डॉ.अल्पना लूनिया द्वारा देय

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत भविष्य के वकीलों को प्रोत्साहन स्वरूप

पदक प्रदान करने वाले दानदाताओं का योगदान लगातार संस्था को सहयोग करने प्रतिबद्ध नजर आ रहा है । आज दो और स्वर्ण पदकों की घोषणा लूनिया परिवार द्वार की गई है । विधि महाविद्यालय राजनंदगांव से अधिवक्ता की उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए पदकों की घोषणा के क्रम में आज नगर के प्रतिष्ठित लूनिया परिवार द्वारा अपने आत्मीय जनों की स्मृति में प्रदान करने की बात कही गई है । महेंद्र लूनिया एवं उनकी धर्म पत्नी डॉ. अल्पना लूनिया ने क्रमशः स्व. उत्तम चंद लूनिया तथा स्व. धर्मचंद सुराणा , हैदराबाद की स्मृति में गोल्ड प्लेटेड पदक प्रदान करने हेतु जरूरी राशि का चेक प्रदान किया । नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच लाल ने चेक ग्रहण करते हुए लूनिया दंपत्ति का साधुवाद किया ।

कविराज टोलागांव में रक्तदान शिविर आयोजित, सरपंच चांदनी साहू ने कहा रक्तदान महादान है

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पंचायत बुद्ध भरदा के आश्रित ग्राम कविराज टोलागांव में सरपंच चांदनी साहू की अगुवाई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तवीरों को हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच चांदनी साहू ने कहा कि इससे पूर्व ग्राम पंचायत बुद्ध भरदा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जबकि आश्रित ग्राम कविराज टोलागांव में यह दूसरी बार आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा कि च्चक्रदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और किसी की जान बचाई जा सके। रक्तदान शिविर में नीलचंद नेताम ने चौथी बार, रूपेश बंजारे ने दूसरी बार, राजू लहरें ने पहली बार, यादराम निषाद ने सातवीं बार, देवेश यादव

ने दूसरी बार, किशोर निषाद (पंच) ने पहली बार, कुमेश्वर ने तीसरी बार तथा राजू लहरे ने पहली बार रक्तदान किया। राजू लहरे ने रक्तदान के बाद कहा कि च्बड्डत दिनों से रक्तदान करने की इच्छा थी, आज अवसर मिला और रक्तदान कर गर्व महसूस हो रहा हैज्ज् इसके अलावा अन्य रक्तवीरों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर के सफल आयोजन में सरपंच चांदनी साहू, धनेश जंघेल, मदन लाल साहू (एलआईसी एवं प्रॉपर्टी सलाहकार), दामिनी रंगारी, कुशल रामटेके, आयुष जंघेल, मुन्ना पाल, डोमन साहू (उप सरपंच), रेखचंद साहू, लोकेश निषाद, किशन निषाद, ओमबाई टंडन, गीताबाई कोसरे, भगवंतिन डहरे, ईतम पारधी सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

शासकीय मुद्रणालय में कार्यरत अरूण उपाध्याय को भावभीनी विदाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गत शनिवार, 31 जनवरी को स्थानीय शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय में कार्यरत कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर साथियों ने भावभीनी बिदाई दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग के अध्यक्ष व जिला शाखा इकाई के सचिव तथा विभागीय उप समिति के जिला संयोजक आनन्दकुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 62 वर्ष की अपनी अधिवार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण कर मुद्रणालय के वरिष्ठ पुस्तबंधक अरूण उपाध्याय सेवानिवृत्त हुए। प्रधान कार्यालय से मुद्रणालय में निरीक्षण हेतु प्रवास पर आए उच्चाधिकारी माननीय संचालक अरविंद कुमार एक्का ने सफलतापूर्वक अधिवार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी के सुखमय भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर मुद्रणालय के समस्त कर्मचारी साथियों ने उनके सम्मान में आयोजित बिदाई कार्यक्रम में एकजुटता के साथ गुलाल से तिलक कर भावभीनी बिदाई दी। अधिदर्शक ईन्दरकुमार सिंह व मुख्य लिपिक श्रीमती अनिता राऊत के कर-कमलों से समस्त कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मचारी का गुलाल से तिलकाभिषेक करते हुए पुष्पहार व पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शाल व श्रीफल भेंट किया व यात्री बैग, स्टील की पानी टंकी, दीवार घड़ी, स्मृति चिह्न व मान पत्र प्रदान

किया गया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारी अरूण उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा उनके भावी सुखद व सुदीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गयी थीं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने अंत में समस्त साथियों का आभार प्रदर्शन किया।

एक दिवसीय रात्रिकालीन डांस प्रतियोगिता ग्राम आलीखुटा में शुभारंभ

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। एक दिवसीय रात्रिकालीन डांस

प्रतियोगिता ग्राम आलीखुटा में शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा जी पूर्व जिलाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता शाहिद भाई प्रदेश महामंत्री कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ विशेष अतिथि रूपेश दुबे प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य राजनांदगांव कृत लाल पटेल सरपंच प्रतिनिधि धामनसरा ओमप्रकाश साहू उपसरपंच रानीतरई अतिथि में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया अतिथि को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डांस प्रतियोगिता आयोजन के लिए आयोजन समिति सहित ग्रामीण जन हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत बहुत बधाई आयोजन से बच्चों मे उत्साह संचार होता है तथा अंदर छुपी हुई कला के निखार प्रतिभा बाहार आती है आप लोगों प्रयास से हमारी संस्कृति एवं धरोहर बच्चों को प्रदेश के संस्कृति कला ज्ञान होती है ऐसे आयोजन से भाईचारा बढ़ता है।

रजत महोत्सव के बहाने राजनांदगांव में नाम हटाओ खेल उजागर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अब उत्सव कम और सियासी संदेशों का माध्यम ज्यादा बनता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी निमंत्रण पत्र ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या सरकारी कार्यक्रम अब राजनीतिक पसंद-नापसंद के आधार पर संचालित हो रहे हैं?

सम्मान या अपमान

कार्यक्रम के कार्ड में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख का नाम तो है, लेकिन बिना च्चजीज्ज् के। इतना ही नहीं, उनके साथ गलत पदनाम जोड़ दिया गया- अध्यक्ष, 20 सूत्रीय कार्यक्रम, जबकि वास्तविकता यह है कि वे पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके हैं। सवाल उठता है कि क्या यह साधारण टाइपिंग गलती है या जानबूझकर की गई पद की काट-छांट? विधानसभा अध्यक्ष के प्रतिनिधि का नाम क्यों गायब? और भी चौंकाने वाली बात यह है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विद्युत मंडल प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी का नाम ही कार्ड से गायब है। जबकि कार्यक्रम स्वयं विद्युत मंडल से जुड़ा है, तो फिर विधानसभा अध्यक्ष के अधिकृत प्रतिनिधि को न बुलाना—किस संकेत की ओर इशारा करता है?

प्रतिनिधि का सीधा सवाल

इस पूरे मामले पर रूपचंद भीमनानी ने साफ शब्दों में कहा— मुझे न तो इस कार्यक्रम की जानकारी दी गई और न ही आमंत्रण मिला। जबकि विद्युत मंडल के अधिकारियों से मेरी हर एक-दो दिन में बातचीत

होती रहती है। इसके बावजूद मुझे कुछ न बताया जाना बेहद आश्चर्यजनक है। यह बयान सीधे-सीधे प्रशासनिक मंशा पर सवाल खड़े करता है।

अधिकारी मौन, फोन भी बंद!

जब इस गंभीर मुद्दे पर जवाब जानने के लिए विद्युत मंडल के मुख्य अभियंता शीतल एवं कार्यपालन अभियंता पांडे से संपर्क किया गया, तो कॉल रिसीव नहीं हुआ।

सवाल यह है कि क्या अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं? या फिर ऊपर से जवाब न देने का निर्देश है? पहले सांसद, अब प्रतिनिधि—आगे कौन? यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी एक सरकारी कार्यक्रम के कार्ड से सांसद संतोष पांडे दूसरे में महापौर मधुसूदन यादव का नाम गायब होने की घटना सामने आ चुकी है। लगातार हो रही इन घटनाओं ने एक खतरनाक पैटर्न उजागर कर दिया है— सरकारी कार्ड अब आयोजन की सूचना नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश देने का हथियार बनते जा रहे हैं। सवाल जो जवाब मांगते हैं क्या राजनांदगांव में सरकारी कार्यक्रम राजनीतिक फिल्टर से गुजर रहे हैं? क्या कुछ नाम जानबूझकर हटाए जा रहे हैं? क्या यह सब बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव है? सरकारी मंच निजी एजेंडे के लिए? राज्य के रजत महोत्सव जैसे ऐतिहासिक अवसर पर यदि जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं के सम्मान के साथ इस तरह खिलवाड़ हो रहा है, तो यह केवल प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर सीधा प्रहार है।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

GSTIN-22GFIPS4190B1Z1
अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SANU
9183343687 7974188831
9685979679
पता - करहद चौक, बाई पास रोड, रेवाडीह, राजनांदगांव (छ.ग.)

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com